Need to release funds for construction of roads in Shahjahanpur Parliamentary Constituency, Utttar Pradesh under Central Road and Infrastructure Fund.-laid

श्री अरुण कुमार सागर **(शाहजहाँपुर) :** मैं सरकार का ध्यान अपने लोकसभा क्षेत्र शाहजहाँपुर (उ०प्र०) के अंतर्गत सेन्ट्रल रोड एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड (सी०आर०एफ०) स्कीम के तहत निम्नांकित दो महत्वपूर्ण सड़क मार्गों के चौडीकरण और सुदृढीकरण की आवश्यकता की ओर आकर्षित करना चाहता हूँ । इन दोनों मार्गों का चौड़ीकरण और सुदृढीकरण क्षेत्र के विकास और जनता की सुविधा के लिए अत्यंत आवश्यक है । इन मार्गों का विवरण निम्नलिखित है :-

1-तिलहर से नवादा मोड़ तक मार्ग (विकास खंड कटरा)

लंबाई: 22.85 किमी, चौड़ाई 7 मीटर (प्रस्तावित 10 मीटर)

यह एक राज्य मार्ग है, जो तिलहर, मूडैली, धनैला, मंसूरपुर, मिर्गापुर, कमालपुर, खैरपुर, खंडसार, चवरखास, पलिया पट्टी, उस्मानपुर टिसुई. जैतीपुर, गोसापुर, नवादा मोड़ आदि लगभग 20 गाँवों को जोड़ता है । इस मार्ग पर सीएचसी, थाना, इंटर कॉलेज, मंडी आदि स्थित हैं, और भारी वाहनों का आवागमन निरंतर बना रहता है । यह मार्ग जिला बदायू को भी जोड़ता है । यातायात घनत्व अधिक होने के कारण इसकी चौडाई 7 मीटर से बढ़ाकर 10 मीटर करना अत्यंत आवश्यक है । इसके निर्माण से लगभग 4.5 लाख लोग लाभान्वित होंगे ।

2. एनएच-30 (किमी 247) से फतियापुर तक मार्ग (विकास खंड ददरौल):

लंबाई 11 किमी, चौडाई 3.75 मीटर (प्रस्तावित 7 मीटर) ।

यह अन्य जिला मार्ग है, जो पहरा सिकंदरपुर, सिसौआ, बरमौला, अर्जुनपुर, छीतेपुर, बजरिया, देवरास, सरसवा, तुर्कीखेड़ा आदि गाँवों को जोड़ता है । इस मार्ग पर भी सीएचसी, इंटर कॉलेज, मंडी आदि हैं । यह मार्ग जिला हरदोई के लिए बाईपास का कार्य करेगा । यातायात घनत्व अधिक होने के कारण इसकी चौडाई 3.75 मीटर से बढ़ाकर 7 मीटर करना अत्यंत आवश्यक है । इसके निर्माण से लगभग 2.5 लाख लोग लाभान्वित होंगे ।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि उपरोक्त दोनों सड़कों को सेन्ट्रल रोड एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर फंड (सी०आर०एफ०) स्कीम के अन्तर्गत निर्मित करवाए जाने हेतु राज्य सरकार के पी०डब्ल्यू०डी० विभाग को केन्द्रीय राशि का आवंटन शीघ्र किए जाने की कृपा करें ।